दिनांकः 17.11.2024
समय : 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देश में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना में तीन सप्ताह के भीतर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने कराया नामांकन।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फर्जी खबरों को लेकर जताई चिंता–लोकतंत्र की रक्षा के लिए डिजिटल मीडिया की जवाबदेही का किया आह्वान।
- राज्य सरकार ने चिकित्सा विभाग में 4 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी किये।
- प्रदेश के कई भागों में हल्की सर्दी के साथ कोहरा छाने से जनजीवन प्रभावित–माउंट आबू में बढ़ी पर्यटकों की रौनक।

000

देश में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के भीतर ही 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है। इससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें एक हजार 400 से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। यह कार्ड प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान करता है।

000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फर्जी खबरों से निपटने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए डिजिटल मीडिया की जवाबदेही का आह्वान किया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म को ऐसे समाधान खोजने चाहिए, जो उनके कंटेंट से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हों। श्री वैष्णव ने लोकतंत्र के संरक्षण में मीडिया की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में 35 हजार से अधिक पंजीकृत समाचार पत्र हैं। साथ ही कई समाचार चैनल्स और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा भी शामिल है। सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में गलत सूचना के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कार्यक्रम में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उन्होंने फेक न्यूज़ पर चिंता जताते हुए ख़बरों और लेखों की प्रमाणिकता की जांच के लिए पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट की सराहना की।

000

भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में देशभर के शिक्षण संस्थानों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राष्ट्र व्यापी पखवाडे के दौरान भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और आदिवासी समुदाय के योगदान का उल्लेख किया जाएगा। इस आयोजन से आने वाली पीढियों को बिरसा मुंडा के बलिदान, से प्रेरणा मिलेगी।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से स्कूल लेक्चरर प्रतियोगी परीक्षा 2024 आज से आयोजित की जा रही हैं। 52 पदों के लिए हो रही इस परीक्षा में करीब 1 लाख 13 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। 21 नवम्बर तक चलने वाली ये परीक्षा अजमेर सहित जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी।

000

कोटा के रामगंजमंडी स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कल युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की

संसद की गरिमा और इसके महत्व को बताते हुए संविधान के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। युवा संसद में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और मंत्रिमंडल के सदस्यों के रूप में अभिनय कर विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का परिचय दिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में सोलर लाइट और शुद्ध पेयजल के लिए आरओ लगाने की घोषणा की।

000

राज्य सरकार ने चिकित्सा विभाग में 4 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिये हैं। इनमें महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 4 हजार 8 पद, हॉस्पिटल केयर टेकर के 32 और अनुकम्पा नियुक्ति के 48 पद शामिल हैं। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के आधार पर आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से पारदर्शिता रखते हुए नियुक्ति दी गई है। भर्ती में विधानसभा उपचुनाव की आचार संहिता वाले सात जिलों में नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि चिकित्सा विभाग में राज्य परिवार कल्याण संस्थान के जरिए 20 हजार 500 से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है।

000

जयपुर कल अपना 297वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में शहरभर में कई कार्यक्रम रखे गये हैं। समारोह की कड़ी में आज विभिन्न संगठनों की ओर से शहर के संस्थापक सवाई जयसिंह द्वितीय को याद किया जा रहा है। जयपुर समारोह की कड़ी में कल से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी, जो 18 दिसम्बर तक चलेंगे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन रखे जाएंगे।

000

अजमेर में आज ग्रीन हार्टफुलनेस रन आयोजित की गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए ये दौड़ दुनियाभर के 156 देशों में हो रही है। शहर के आनासागर से शुरू हुई दौड़ में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लिया।

000

झलावाड ज़िले के झालरापाटन में चल रहे चंद्रभागा मेला परवान है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान लगाए गए पशु मेले में अब तक विभिन्न नस्लों के साढे 14 सौ से अधिक पशु बिक्री के लिए लाए गए हैं।

............

000

नवम्बर का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद प्रदेश में धीरे–धीरे गुलाबी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। बाहरी इलाकों में सुबह–शाम ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने सर्दी से बचाव के इंतजाम शुरू कर दिये हैं। शेखावाटी क्षेत्र सहित राज्य के कई भागों में आज तड़के कोहरा छाए रहने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 14 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अगले दो दिन के बाद तापमान में और गिरावट के आसार हैं। साथ ही उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इस बीच, प्रदेश के पर्वतीय स्थल माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर आ गया है। सर्दी का आनंद लेने के लिए वहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने में सहयोगी सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और धरती को टिकाऊ बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी।

000